**FORM No. III**

फर्द अहकाम

(नियम 26)

नाम अदालत जिला कलक्टर, अलवर मुकाम अलवर

उनवान सरकार जरिये पुलिस थाना पालम विहार बनाम सरकार जरिये थानाधिकारी लक्ष्मणगढ़

किस्म मुकदमा प्रा0पत्र वास्ते सुपुर्दगी आर.बी.एक्ट नम्बर 15/211/2023

दायर दिनांक 22.09.2023

| तारीख हुक्म | हुक्म की कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 14.12.2023 | आज यह पत्रावली प्रार्थी के प्रार्थनापत्र के आधार पर पेश हुई। प्रार्थना पत्र एच.सी. पुलिस थाना पालम विहार, जिला गुरूग्राम हरियाणा द्वारा पेश किया गया। प्रथम सूचना रिपोर्ट 115/2023 केस प्रॉपर्टी ट्रांसफर वाहन ट्रक कैन्टर रजिस्ट्रेशन नम्बर HR55 Y 7094 को जुर्म दफा आई.पी.सी. 379 में चोरीशुदा वाहन ट्रक कैन्टर को अभियोग संख्या 162/2023 अन्तर्गत धारा 3, 5, 6, 8, 9 आर. बी. एक्ट के तहत थाना लक्ष्मणगढ़, जिला अलवर में बरामद की हुई है। जिसे पुलिस थाना पालम विहार, जिला गुरूग्राम हरियाणा ट्रांसफर किये जाने का निवेदन किया गया। प्रार्थी के प्रार्थना पत्र पर थानाधिकारी पुलिस थाना लक्ष्मणगढ़ जिला अलवर से रिपोर्ट तलब की गई। थानाधिकारी थाना लक्ष्मणगढ़ ने अवगत कराया कि प्रकरण हाजा में जब्तशुदा उक्त वाहन के संबंध में अनुसंधान पूर्ण हो चुका है। जिसे विधिवत ट्रांसफर किये जाने में कोई आपत्ति नहीं है। हमने पत्रावली का अवलोकन किया व रिपोर्ट पुलिस थाना लक्ष्मणगढ़, जिला अलवर में जप्तशुदा वाहन ट्रक कैन्टर रजिस्ट्रेशन नम्बर HR55 Y 7094 को थानाधिकारी पुलिस थाना लक्ष्मणगढ़ की अनापत्ति के आधार पर थानाधिकारी पुलिस थाना पालम विहार, जिला गुरूग्राम हरियाणा को स्थानांतरित करने के आदेश दिये जाते है। तहरीर जारी हो पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।<br><br>जिला कलक्टर<br>अलवर | |